Title: Need for construction of over-bridges at railway crossings at Sirsa and Dabwali towns in Haryana.

डा. सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा) : हरियाणा राज्य के सिरसा नगर के बीचोबीच से नेशनल हाइवे नं. 10 को पार करती हुए रेल लाइन बनी हुई है जिस पर रेलगाड़ी के आने पर, सड़क पर बना रेल्वे फाटक सुरक्षा के लिए बंद करना पड़ता है। परिणामस्वरूप शहर में यातायात जाम हो जाता है और शहर का जन-जीवन ही मानो ठहर सा जाता है। ठीक इसी प्रकार की हालत मेरे संसदीय क्षेत्र के दूसरे शहर डब्वाली की है। वहां भी शहर के अंदर रेल लाइन है। गाड़ी आने पर यातायात बन्द करने से नगर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

अत: मेरा आग्रह है कि उक्त शहरों में फ्लाई ओवर पुलों का निर्माण कराया जाए। इसके अतिरिक्त निकटस्थ मट्टू मण्डी और मट्टू गांव के बीच रेल लाइन गुजरती है। यह मट्टू गांव का मुख्य यातायात मार्ग मट्टू गांव के लिए सरकारी कालेज के सामने से है क्योंकि अधिकतर गांव की जमीन इसी ओर रेल लाइन के पार है परन्तु यहां कोई रेल लाइन पर फाटक नहीं । अत: हमेशा ही सुरक्षा का संकट बना रहता है।

अत: मेरा आग्रह है कि कोई बड़ी दुर्घटना होने से पूर्व ही यहां रेल फाटक बना दिया जाये ताकि अनहोनी की आशंका समाप्त हो।

<u>1651 hours</u>